ಒಟ್ಟು ಮುದ್ರಿತ ಪುಟಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 12 ]
Total No. of Printed Pages : 12 ]
ಒಟ್ಟು ಪ್ರಶ್ನೆಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 38 ]
Total No. of Questions : 38 ]

**A**

**CCE RF**
**NCERT SYLLABUS**

Question Paper Serial No. **101**

यहाँ से काटिए

**ಸಂಕೇತ ಸಂಖ್ಯೆ : 60-H**

**Code No. : 60-H**

# ವಿಷಯ : ತೃತೀಯ ಭಾಷೆ — ಹಿಂದಿ
# Subject : Third Language — HINDI

**( ಶಾಲಾ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ / Regular Fresh )**

ದಿನಾಂಕ : 08. 04. 2022 ] [ Date : 08. 04. 2022

ಸಮಯ : ಬೆಳಗ್ಗೆ 10-30 ರಿಂದ ಮಧ್ಯಾಹ್ನ-1-30 ರವರೆಗೆ ] [ Time : 10-30 A.M. to 1-30 P.M.

ಗರಿಷ್ಠ ಅಂಕಗಳು : 80 ] [ Max. Marks : 80

**TEAR HERE TO OPEN THE QUESTION PAPER**
**प्रश्नपत्र को खोलने के लिए यहाँ फाड़ें**

***परीक्षार्थियों के लिए सामान्य सूचनाएँ :***

1. इस प्रश्नपत्र में वस्तुनिष्ठ एवं गैर-वस्तुनिष्ठ प्रकार के कुल 38 प्रश्न हैं ।
2. यह प्रश्नपत्र रिवर्स जैकेट द्वारा सील किया हुआ है । परीक्षा प्रारंभ होने के समय आप प्रश्नपत्र के दाएँ भाग को काटकर खोलें तथा जाँच करें कि सभी पृष्ठ अक्षुण्ण हैं ।
3. सभी वस्तुनिष्ठ तथा गैर-वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्नों के लिए दिए गए निर्देशों का पालन करें ।
4. प्रश्नों के निर्धारित अंक उसके दाहिनी ओर हाशिये में दिए गए हैं ।
5. प्रश्नों के उत्तर देने के लिए अधिकतम समय इस पृष्ठ के ऊपर में दिया गया है जिसमें प्रश्नपत्र पढ़ने का 15 मिनट भी शामिल है ।

**Tear here**

**I. निम्नलिखित प्रश्नों के लिए चार-चार विकल्प सुझाए गये हैं, उनमें से सर्वाधिक उचित विकल्प चुनकर उसके संकेताक्षर सहित पूर्ण रूप से लिखिए :** **8 × 1 = 8**

1. 'भय' शब्द का विलोम शब्द है –

(A) भयभीत (B) निर्भय

(C) सुभय (D) भयंकर।

2. 'आँख' शब्द का पर्यायवाची शब्द है –

(A) नेत्र (B) अंग

(C) आँसू (D) देख।

3. निम्नलिखित शब्दों में 'बहुवचन' शब्द है –

(A) चींटी (B) रोटी

(C) टुकड़ा (D) घोड़े।

4. माँ ने भोजन परोसा।

वाक्य में प्रयुक्त विराम चिह्न है –

(A) अल्प विराम (B) विस्मयादि बोधक

(C) पूर्ण विराम (D) प्रश्नवाचक।

5. 'विद्यालय' शब्द में संधि है –

(A) दीर्घ (B) गुण

(C) अयादि (D) यण् ।

6. निम्नलिखित में से 'द्वंद्व' समास है –

(A) पीतांबर (B) करकमल

(C) माता - पिता (D) पंचवटी।

7. निम्नलिखित शब्दों में 'उपसर्गयुक्त' शब्द है –

(A) अज्ञात (B) साहसिक

(C) छटपटाहट (D) शब्दहीन।

8. लेखक ..... पत्नी को खिड़की में जाली लगानी पड़ी।

रिक्त स्थान के लिए उचित कारक चिह्न है

(A) का (B) के

(C) ने (D) की।

**II. सही वाक्यांशों को जोड़कर लिखिए।** **4 × 1 = 4**

| अ | | ब | |
|---|---|---|---|
| 9. | स्वतंत्रता की पुनरावृत्ति दिवस | a) | वीरेन डंगवाल |
| 10. | निकोबार द्वीप समूह का पहला द्वीप | b) | दुर्योधन ने |
| 11. | द्रौपदी की लाज रखी | c) | महादेवी वर्मा |
| 12. | तोप | d) | 26 जनवरी 1931 |
| | | e) | भगवान श्रीकृष्ण ने |
| | | f) | लिटल अंदमान |
| | | g) | कार - निकोबार |

**III. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक पूर्ण वाक्य में लिखिए :** **4 × 1 = 4**

13. नूह किस कारण से उम्र भर रोते रहे ?

14. बड़े भाई साहब स्वभाव से कैसे व्यक्ति थे ?

15. कवि रवींद्रनाथ ठाकुर किनसे प्रार्थना कर रहे हैं ?

16. कवि कैफ़ी आज़मी खून का लकीर खींचने का संदेश क्यों देते हैं ?

**IV. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो या तीन वाक्यों में लिखिए : $8 \times 2 = 16$**

17. श्रद्धानंद पार्क में हुई घटना का वर्णन कीजिए।

18. गिन्नी का सोना कैसा होता है ?

19. कर्नल के अनुसार वज़ीर अली की स्कीम का विवरण कीजिए।

20. मीराबाई के मन में कृष्ण की कौन-सी वेष-भूषा स्मरण में आती है ?

21. 'तोप' कविता के अनुसार कंपनी बाग में रखी तोप से कैसी सीख मिलती है ?

22. दुःख-ताप के समय में कवि रवींद्रजी की प्रार्थना क्या है ?

23. लेखक के अनुसार कस्बाई शहर के प्रमुख स्थान कौन-कौन से हैं ?

**अथवा**

लोग ठाकुरजी से किन-किन विचारों पर मनौती मनाते थे ?

24. इफ़्फ़न की दादी को मरते समय कैसी-कैसी बातें याद आईं ?

**अथवा**

इफ़्फ़न को अपनी दादी से बड़ा प्यार था, क्यों ?

**V. क) निम्नलिखित के आशय स्पष्ट कीजिए :** **9 × 3 = 27**

25. बस आस की एक किरण थी जो समुद्र की देह पर डूबती किरणों की तरह कभी भी डूब सकती है।

26. जो जितना बड़ा होता है उसे उतना ही कम गुस्सा आता है।

27. है टूट पड़ा भू पर अंबर।

**ख) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन-चार वाक्यों में लिखिए :**

28. चाय पीने के बाद लेखक से स्वयं महसूस किये गए परिवर्तनों का विवरण दीजिए।

29. वज़ीर अली ने कंपनी के वकील का कत्ल कैसे किया ? विवरण दीजिए।

30. 'कर चले हम फ़िदा' कविता में धरती को दुलहन क्यों कहा गया है ? स्पष्ट कीजिए।

31. कवि मैथिलीशरण गुप्त के अनुसार सुमृत्यु के विचार को स्पष्ट कीजिए।

32. **निम्नलिखित दोहे का भावार्थ अपने शब्दों में लिखिए :**

ऐसी बाँणी बोलिये, मन का आपा खोइ।

अपना तन सीतल करै, औरन कौं सुख होइ।।

33. **गद्यांश का अनुवाद कन्नड या अंग्रेजी में कीजिए :**

कबीर का जन्म काशी में हुआ। वे गुरु रामानंद के शिष्य थे। इनकी भाषा पूर्वी जनपद की भाषा थी।

**VI. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पाँच-छः वाक्यों में लिखिए :** **2 × 4 = 8**

34. बड़े भाई साहब के अनुसार जीवन की समझ कैसे आती है ? विवरण दीजिए।

**अथवा**

बड़े भाई की स्वभावगत विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

35. **निम्नलिखित कवितांश पूर्ण कीजिए :**

सौरभ फैला .............................................

...........................................................

...........................................................

............................................... गल गल !

**VII.** 36. **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए :** **4 × 1 = 4**

ए पी जे अब्दुल कलाम बताते हैं कि मैं सौभाग्यशाली था कि सेंट जोसेफ कॉलेज में मुझे फादर टी एन सेक्यूरिया जैसे शिक्षक मिले। वे हमें अंग्रेजी पढ़ाते थे और साथ ही हमारे हॉस्टल वार्डन भी थे। तीन मंजिले हॉस्टल में हम करीब सौ छात्र रहते थे। फादर सेक्यूरिया रोजाना रात को हाथ में बाइबल लिए हुए हर लड़के से मिलने आते

थे। उनकी ऊर्जा और धैर्य आश्चर्यजनक थे। वे हमेशा दूसरों का खयाल रखनेवाले व्यक्ति थे।

**प्रश्न :**

अ) अब्दुल कलाम अपने आप को सौभाग्यशाली क्यों मानते थे ?

आ) फादर टी एन सेक्यूरिया क्या पढ़ाते थे ?

इ) फादर टी एन सेक्यूरिया रोजाना रात हॉस्टल में क्यों आते थे ?

ई) फादर टी एन सेक्यूरिया कैसे व्यक्ति थे ?

**VIII.** 37. **दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर 12 - 15 वाक्यों में किसी एक विषय के बारे में निबंध लिखिए :** **1 × 4 = 4**

**क) कंप्यूटर**

- ✳ प्रस्तावना
- ✳ लाभ
- ✳ हानि
- ✳ उपसंहार

**ख) मेरा प्रिय खेल**

✳ प्रस्तावना

✳ महत्व

✳ लाभ

✳ उपसंहार

**ग) 15 अगस्त - स्वतंत्रता दिवस**

✳ प्रस्तावना

✳ आचरण का महत्व

✳ समारोह का आयोजन

✳ उपसंहार ।

**IX. निम्नलिखित विषय के बारे में पत्र लिखिए :** **1 × 5 = 5**

38. अपनी पढ़ाई के बारे में बताते हुए अपने पिताजी को एक पत्र लिखिए।

**अथवा**

कोई कारण बताते हुए तीन दिन की छुट्टी के लिए अपनी कक्षा अध्यापक को एक पत्र लिखिए।